महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAAC A++ Accredited; ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः एम.जे.पी.रू.वि. / कु.स.का. / 2023 / 507 दिनांकः 10.08.2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक
समस्त सम्बद्ध संघटक / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः वृक्षारोपण अभियान–2023 के अन्तर्गत वृक्षारोपण की सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 6 / 2023 / 242 / 81–5–2023 दिनांक 02.06.2023 द्वारा निर्धारित किया गया है। इस वृक्षारोपण अभियान–2023 में उच्च शिक्षा विभाग को वर्ष 2023–24 हेतु जनपदवार आवंटित कुल 18.54 लाख पौध रोपण का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें उच्च शिक्षा विभाग के लिए दिनांक 22.07.2023 एवं 15.08.2023 को क्रमशः 1565520 एवं 288480 पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में दिनांक 15.08.2023 को अपने–अपने महाविद्यालय द्वारा किए जाने वाले वृक्षारोपण की सूचना एवं प्रत्येक पौधें की जियो–टैगिंग युक्त फोटोग्राफ को "हरीतिमा अमृत वन" एप अपलोड करते हुए ई–मेल draffiliationmjpru@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. डा0 सोमपाल सिहं, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. डा0 ब्रजेश कुमार, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना वि0वि0 परिसर को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण कराने का कष्ट करें।
3. मीडिया प्रभारी।
4. सहायक कुलसचिव, प्रशासन / सम्बद्धता ।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को महाविद्यालयों के लॉगिन आईडी / ई–मेल पर प्रेषित करें।

कुलसचिव